नवभारत
भोपाल, बुधवार 6 अगस्त, 2025

युवाओं के हक में चुनाव के समय किए जाते हैं बड़े-बड़े वादे

खास बातें

- चुनाव जीतने के बाद नेता युवाओं को भूल जाते हैं
- कोचिंग सेंटरों के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

विदिशा 5 अगस्त, कोचिंग सेंटर चलाने वाले शिक्षकों और कोचिंग में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों ने मंगलवार को सैकड़ों की संख्या में एकत्रित होकर अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्टोरेट पहुंचकर कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम आवेदन दिया गया.

इस दौरान विद्यार्थी और शिक्षक दुर्गा नगर चौराहे से रैली निकालकर कलेक्टोरेट पहुंचे, लेकिन उनका आवेदन लेने के लिए जब कलेक्टर नहीं आए तो उन्होंने अन्य अधिकारियों को आवेदन देने से मना कर दिया और कलेक्टोरेट गेट के पास धरना देकर बैठ गए. परीक्षार्थियों का कहना था कि हम लोग अपनी समस्या सुनाने के लिए कलेक्टर के पास आए हैं लेकिन कलेक्टर साहब के पास हमसे मिलने के लिए 2 मिनट का समय नहीं है. करीब 1 घंटे तक सभी कलेक्ट्रोरेट में धरने पर बैठे रहे और बाद में कलेक्टर आए उन्होंने आवेदन लिया, इसके बाद सभी छात्र वहां से चले गए. इस दौरान बेरोजगार युवा अपने हाथों में तख्तियां लिए दुर्गा नगर चौराहे पर एकत्रित हुए और नारेबाजी करते हुए मुख्यमार्ग से कलेक्टोरेट पहुंचे. जैसे ही युवा नारेबाजी करते हुए कलेक्टोरेट पहुंचे तो आवेदन लेने के लिए अपर कलेक्टर, एसडीएम सहित अन्य अधिकारी आए, लेकिन युवाओं ने कलेक्टर से मिलकर आवेदन देने की बात करते हुए आवेदन देने से मना कर दिया. इसके बाद सभी बेरोजगार युवा अपनी समस्याओं को लेकर कलेक्टोरेट के गेट के पास धरने पर बैठ गए और जिला प्रशासन के विरोध में नारेबाजी करने लगे. करीब 1 घंटे तक बेरोजगार युवा कलेक्टर से मिलने का इंतजार करते रहे.इस दौरान कलेक्टर द्वारा एक उनके प्रतिनिधि दल को अपने पास बुलाया और उनकी समस्याएं सुनी. इस दौरान बेरोजगार युवाओं ने कलेक्टर की बात न मानते हुए वहां से वापस आ गए और अपने युवा साथियों के साथ बैठ गए. इसके साथ ही काफी देर तक बेरोजगार युवा केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार में बैठे जिम्मेदारों को कोसते हुए नजर आए और कई प्रकार से बेरोजगार युवाओं के साथ हो रहे अन्याय की बात अपने साथियों के समक्ष रखते दिखाई दिए. इस दौरान युवाओं का कहना था कि सरकार बेरोजगारों के लिए बड़े-बड़े दावे करती है लेकिन पिछले कई वर्षों से प्रदेश सरकार द्वारा भर्ती प्रक्रिया नहीं की गई है जिसके कारण से बेरोजगार युवा सड़कों पर भटक रहे हैं.उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं लेकिन चुनाव होने के बाद सत्ता में बैठे लोग बेरोजगार युवाओं की समस्याओं की ओर कोई ध्यान नहीं देते हैं। उन्होंने कहा कि अधिकांश विभागों में पद खाली पड़े हुए हैं, लेकिन उन्हें भरने के लिए सरकारों द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है, जिसका नतीजा है कि प्रदेश में बेरोजगारों की संख्या दिन व दिन बढ़ती जा रही है और भर्ती प्रक्रिया में देरी होने के कारण कई बेरोजगार युवा ओवर ऐज होते जा रहे हैं. जिसके कारण से उनकी मेहनत बेकार होती नजर आ रही है. इसके बाद कलेक्टर अंशुल गुप्ता बेरोजगार युवाओं के पास आए आवेदन लेकर चले गए. इस दौरान विभिन्न समस्याओं का आवेदन मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा गया और मांग की गई की जल्द से जल्द रुकी हुई भर्तियों को खोला जाए. जिससे कि प्रदेश में घूम रहे बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिल सके और वह अपनी जिंदगी का निर्वहन कर सके। इस दौरान बड़ी संख्या में बेरोजगार युवा और शिक्षक मौजूद थे.

एक नजर में

विमलेश हुए सम्मानित

नवभारत न्यूज

विदिशा, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़े अखिल भारतीय कायस्थ महासभा मध्य भारत के प्रांतीय सचिव विमलेश सक्सेना को गृह विभाग द्वारा नशा मुक्ति अभियान अंतर्गत सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर आयोजित स्लोगन प्रतियोगिता में जिला स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया. मंगलवार को पुलिस अधीक्षक रोहित कासवानी, अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे द्वारा विमलेश सक्सेना को प्रशस्ति पत्र और नगद राशि देकर सम्मानित किया.

महिला इकाई ने किया पौधरोपण

नवभारत न्यूज

विदिशा, वैश्य महासम्मेलन जिला महिला इकाई के तत्वाधान में मालवीय उद्यान में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जिला महिला इकाई की संरक्षक श्रीमती ज्योति शाह अध्यक्ष सुनीता सोनी जिला प्रभारी अंजू मित्तल महामंत्री मंजू चौरसिया उपाध्यक्ष लीना शाह मिथलेश साहू रेखा राठी एवं रितु मालपानी द्वारा विभिन्न प्रजातियों के छायादार व फलदार पौधे रोपे गए साथ ही स्वदेशी जागरण मंच के तत्वाधान में स्वदेशी वस्तुएं अपनाने हेतु सभी के द्वारा शपथ ली गई.इस अवसर पर वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश सचिव के एन गुप्ता जिला अध्यक्ष अवनेश जैन उपाध्यक्ष सुनील जैन सह महामंत्री रामानंद मोर जिला युवा इकाई अध्यक्ष विपिन जैन एवं वरिष्ठ समाजसेवी सिद्धार्थ जैन एवं अनिल शाह उपस्थित थे.

आज से शुरू होगा संस्कृत सप्ताह

नवभारत न्यूज

विदिशा, संस्कृत संभाषण के माध्यम से देवभाषा के प्रचार प्रसार में संलग्न संस्कृत भारती की विदिशा इकाई द्वारा संस्कृत सप्ताह पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है. इसी के अंतर्गत बुधवार 6 अगस्त को माधवगंज स्थित शिवालय पर प्रात: 8.30 बजे नागरिकों के तिलक करण से कार्यक्रमों का शुभारंभ होगा. सभी राहगीरों को माथे पर चंदन का तिलक लगाकर संस्कृत को अपनाने का अनुरोध किया जाएगा ?

भाजपा प्रत्येक मंडल पर निकालेगी तिरंगा यात्रा

नवभारत न्यूज

विदिशा, भारतीय जनता पार्टी की आवश्यक कामकाजी बैठक जिला कार्यालय में आयोजित की गई. जिला भाजपा अध्यक्ष महाराज सिंह दांगी ने पार्टी के आगामी 10 से 14 अगस्त तक जिले के प्रत्येक मंडल पर आयोजित होने जा रही तिरंगा यात्रा की व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की.जिला अध्यक्ष ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश के निर्देशानुसार आगामी 10 से 14 अगस्त तक जिले के प्रत्येक मंडल केंद्र पर तिरंगा यात्रा का आयोजन युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा की प्रमुख भूमिका में किया जावेगा.

13 से 15 अगस्त तक सभी घरों एवं प्रतिष्ठानों पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा तिरंगा फहराने सुनिश्चित किया गया है.12 से 14 अगस्त तक स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्मारकों युद्ध स्मारकों एवं स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े महत्वपूर्ण स्थलों के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया जाए स्वच्छता अभियान के पश्चात सभी स्थान पर पुष्पांजलि अर्पित की जाए.प्रत्येक मंडल में युद्ध वीरों शहीदों देश की सेवा में प्राण निछावर करने वाले पुलिसकर्मियों के घर पहुंच कर उनके परिजनों को सम्मानित किया जाए.14 अगस्त विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर जिला केंद्र पर मोन जुलूस निकाला जाए.कार्यक्रम में विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया कि सरकार का पक्ष मजबूती से रखें हमारी सरकार निरंतर देश की तरक्की के लिए कार्य कर रही है आगामी तिरंगा यात्रा के सभी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से आयोजित करें जिससे कि समाज में अच्छा संदेश जाए.

जिला अस्पताल में डिलेवरी के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत

परिजनों ने किया हंगामा

नवभारत न्यूज

विदिशा 5 अगस्त , जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में मौतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है.सोमवार को भी अस्पताल में मां और उसके नवजात बच्चे की मौत ने सरकारी अस्पताल में इलाज की हकीकत को उजागर कर दिया है. बच्चे और उसकी मां की मौत के बाद अस्पताल में देर रात तक हंगामा होता रहा.मृतक के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए जांच की मांग की साथ ही कहा कि जो भी इस मामले में दोषी है उस पर कार्यवाही की जाए. बताया गया कि डिलीवरी के समय महिला को आया कार्डियक अरेस्ट आने से उसकी मौत हुई है.सोनोग्राफी में मृत मिला था बच्चा.मृतका की पहचान सिरोंज तहसील की रहने वाली सुमन विश्वकर्मा के रूप में हुई है. मृतका के परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर में हंगामा किया. परिजनों के अनुसार, सुमन को प्रसव पीड़ा होने पर पहले सिरोंज अस्पताल ले जाया गया था.वहां से उसे विदिशा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया.

विदिशा अस्पताल में भर्ती किए जाने के बाद सोनोग्राफी में गर्भस्थ शिशु मृत पाया गया.डॉक्टरों ने नॉर्मल डिलीवरी की प्रक्रिया शुरू की. इसी दौरान महिला की मौत हो गई. मृतका के पिता अमर सिंह विश्वकर्मा ने बताया कि उनकी बेटी को परसों रात भर्ती किया गया था. उन्होंने आरोप लगाया कि डॉक्टरों ने गंभीरता से इलाज नहीं किया. मृतका के पति अजब सिंह विश्वकर्मा का कहना है कि सिरोंज से रेफर करने के बाद विदिशा अस्पताल में कोई सही से देखने नहीं आया. उनका आरोप है कि डॉक्टरों की लापरवाही से पहले बच्चा शांत हुआ और फिर पत्नी की भी मौत हो गई. सिविल सर्जन डॉ. अनूप वर्मा ने बताया कि महिला को भर्ती कर उसकी जांच की गई थी। सोनोग्राफी में भ्रूण मृत पाया गया था. रिपोर्ट में महिला की हालत क्रिटिकल थी. उसकी ब्लड रिपोर्ट और किडनी की स्थिति भी खराब पाई गई थी. डॉ. वर्मा के अनुसार, डिलीवरी के दौरान महिला को कार्डियक अरेस्ट आया. उसे बचाने का पूरा प्रयास किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली. मामले की जांच के लिए टीम गठित कर दी गई है. मौत के कारणों की पुष्टि के लिए मेडिकल कॉलेज की टीम पोस्टमार्टम कर रही है.

स्मार्ट मीटर घोड़े की तरह दौड़ रहे

स्मार्ट मीटर को हटाने और पुराने मीटर लगाने की मांग

नवभारत न्यूज

विदिशा, मंगलवार को हरिपुरा स्थित शिव विहार कॉलोनी के रहने वाले बड़ी संख्या में स्मार्ट मीटर का विरोध करते हुए पुराने मीटर लगाने की मांग को लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे और कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया गया. इस दौरान रहवासियों का कहना था कि स्मार्ट मीटर घोड़े की तरह दौड़ रहे हैं और लोगों के बिल 5000 से लेकर 10000 तक आ रहे हैं जबकि पहले हजार रुपए से लेकर 2000 तक ही बिल आते थे. लोगों का कहना था कि स्मार्ट मीटर घोड़े की भांति दौड़ रहे हैं और लोगों के घरों के बिजली बिल भारी भरकम आ रहे हैं. ज्ञापन देने वालों ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगाते समय कर्मचारियों द्वारा कहा गया था कि पहले की अपेक्षा कम बिजली बिल आएगा, लेकिन मीटर लगने के बाद स्मार्ट मीटर की हकीकत सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर लग जाने से कॉलोनी के सभी लोग परेशान हैं और हम लोग स्मार्ट मीटर को हटाकर पुराने मीटर लगाने की मांग को लेकर कलेक्टोरेट आए हैं और आवेदन देकर कलेक्टर से मांग की जा रही है कि जल्द से जल्द स्मार्ट मीटर को हटाकर पुराने मीटर लगाए जाएं जिससे कि भारी भरकम आ रहे बिजली के बिलों से बचा जा सके.इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि तीरथ प्रताप सिंह दरबार सहित बड़ी संख्या में कॉलोनी के रहवासी मौजूद थे.

धर्म में भी पाप और पुण्य के बीच का अंतर स्पष्ट करना आवश्यक है-बा . ब्र .सुमतप्रकाश

नवभारत न्यूज

विदिशा, उदयगिरि नसिया में चल रहे 7 दिवसीय स्वाध्याय शिविर में सुबह उदयगिरि और दोपहर में सीमंधर जिनायल में प्रवचन का लाभ मिल रहा है. बाल ब्रह्मचारी सुमतप्रकाश द्वारा पाँच भावों की व्याख्या, आत्मा और कर्म के संबंध, और जीवन की पिक्चर को समझने की गहरी विधि बताई गई है.स्वयं की खोज और वास्तविकता से जुड़ाव में खोज का महत्व को बताया जिसमे अपने भीतर की सच्चाई को खोजना ही सबसे बड़ा पुरुषार्थ है। आत्मा को देख पाना कठिन होता है क्योंकि जो दिखता है, वह मैं नहीं हूँ.जीवन की पिक्चर में टॉकीज की परदे पर चल रही पिक्चर की तरह, हमारे अनुभव केवल दृश्यमान होते हैं, परंतु वह वास्तविकता नहीं होती. प्रवक्ता डॉ मक्खन लाल जैन बताया कि भैया द्वारा चार भावों की व्याख्या की गई.

सेल्समैन को हटाने की मांग

नवभारत न्यूज

विदिशा,सिरोंज तहसील की ग्राम पंचायत ललितपुर के ग्राम मदागन करेरा के राशन दुकान संचालक को हटाने की मांग को लेकर बड़ी संख्या में ग्रामीण कलेक्टोरेट पहुंचे और जनसुनवाई में आवेदन देकर दुकान संचालक को हटाने की मांग की गई. इस दौरान उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को पिछले 5 माह का राशन नहीं मिला है.

मंगलवार को सिरोंज तहसील के ग्राम पंचायत ललितपुर के ग्राम मदागन करेरा के ग्रामीण बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचे और जनसुनवाई में आवेदन देकर राशन दुकान संचालक संताराम यादव को हटाने की मांग की गई. इस दौरान ग्रामीण विक्रम, परमाल सिंह, सौरव, गोविंद यादव, अर्जुन सिंह, यशपाल, उदल सिंह, बृजभान सिंह आदि ने बताया कि उन्हें पांच माह से राशन नहीं मिला है. उन्होंने कहा कि राशन दुकान संचालक द्वारा ग्रामीणों को समय पर राशन नहीं दिया जाता है और गांव के अधिकांश लोगों को गुमराह करके राशन हड़प कर लिया जाता है। उन्होंने कहा कि राशन दुकान संचालक से जब राशन की मांग की जाती है तो वह झूठे प्रकरण में फंसा देने की धमकी देता है. जिस कारण सभी गांव के लोग संचालक से काफी परेशान हैं. उन्होंने कहा कि संचालक लोगों के घर जाकर केवाईसी का बहाना बनाकर उनके अंगूठा लगवा लेते हैं और राशन खुद हड़प कर जाते हैं और गरीब लोग राशन के लिए परेशान होते रहते हैं. उन्होंने आवेदन देकर मांग की है कि राशन दुकान संचालक को हटाया जाए और उनकी जगह दूसरे संचालक को राशन बांटने की जिम्मेदारी सौंपी जाए.

पार्थिव शिवलिंग का किया निर्माण

नवभारत न्यूज

विदिशा, सरस्वती शिशु मन्दिर तलैया में मंगलवार को शिशुवाटिका की दीदियों के द्वारा पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया गया. तत्पश्चात विधि-विधान मंत्रोच्चार से पूजा अर्चना की गयी.पूजन के बाद वाद्य यंत्रों के साथ आरती की गयी.आरती के पश्चात भजनों का भी गायन किया गया जिसमें सभी भैया बहनों और समस्त दीदी आचार्यों ने उत्साह पूर्वक इस भक्तिमय वातावरण में भजनों का आनंद लिया।पुरा विद्यालय हर हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से गुंजायमान हो रहा था.तत्पश्चात विधि पूर्वक विसर्जन किया गया.इस अवसर पर बच्चों की माताएं विशेष रूप से उपस्थित रही.

नशीली दवाओं के खतरे पर हुई निबंध प्रतियोगिता

नवभारत न्यूज

विदिशा, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के दिशा निर्देशन एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जाकिर हुसैन के मार्गदर्शन में नालसा नशीली दवाओं के खतरे के उन्मूलन के लिये पीडितो के लिये कानूनी सेवाऐं योजना 2015 के अतर्गत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन नारायणा ई-टेक्नो स्कूल एवं स्प्रिंग फील्ड स्कूल विदिशा में किया गया.

निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले छात्रो का चयन किया गया. ई- नारायणा स्कूल के शुभम बघेल कक्षा-8, कु. निशी दांगी कक्षा-6 एवं कु. सानवी त्रिपाठी कक्षा-6 को निबंध प्रतियोगिता मे प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चयन किया गया एवं स्प्रिंग फील्ड स्कूल के अरिन्धम अर्पण गुप्ता कक्षा-8, आदित्यसिंह परमार कक्षादू6 एवं जतिन रघुवंशी कक्षा-9 को निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चयन किया गया.प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विदिशा जाकिर हुसैन द्वारा चयनित बच्चो को पुरूस्कृत करने हेतु सर्टीफिकेट व ट्रॉफी वितरित कराए गये.स्कूलों के प्रधान अध्यापकों ने विधिक सेवा प्राधिकरण विदिशा का आभार व्यक्त किया.

आयोजन | **आम और केले के पत्तों के पावन तोरण, झिलमिल लाइटों से सजा आश्रम परिसर**

भक्ति, आनंद और सावन की मधुर बयार से डूबा नौलखी में झूलन उत्सव

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा, सावन का महीना, हरियाली से लिपटा धरती का आँचल, मंद-मंद पवन की सरसराहट, बादलों की गड़गड़ाहट के बीच रिमझिम फुहारें... यही तो वह माहौल है जिसमें भगवान श्रीकृष्ण और राधारानी का झूलन उत्सव मनाने का आनंद कई गुना बढ़ जाता है. सावन का महीना आते ही बेत्रवती नदी के तट पर बसा नौलखी आश्रम भक्ति-रस से भर उठता है.ऐसे ही पवित्र समय में रविवार रात आश्रम में आयोजित हुए वार्षिक झूलन उत्सव में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी.रात के आलोक, झिलमिल रोशनी और बेत्रवती के जल में झांकते मंदिर के प्रतिबिंब ने झूलन उत्सव को और भी अलौकिक बना दिया. नगर सहित दूर-दराज़ के गाँवों से आए श्रद्धालुओं ने इस महोत्सव को भक्ति-भाव में डूबते हुए अद्भुत भव्यता, दिव्यता और भक्ति-रस से ओतप्रोत होकर मनाया.आश्रम परिसर को झिलमिल लाइटों, रंग-बिरंगी झालरों, आम के पत्तों की पावन तोरण और ताजे फूलों के हारों से सजाया गया था.ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो ब्रज मंडल आज आश्रम में उतर आया हो और स्वयं वृंदावन ने आकर गोकुल की गलियों में प्रवेश कर लिया हो.शाम 4 बजे से प्रारंभ हुआ झूलन उत्सव का आयोजन देर रात तक चलता रहा.उत्सव के समापन पर आयोजित हुए भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की. मालूम हो कि सावन-भादों का महीना आते ही सनातन परंपरा के अनेक पर्व-त्योहार जीवंत हो उठते हैं. इन्हीं में से एक है झूलन उत्सव, जो भगवान श्रीकृष्ण और राधारानी के प्रेम और लीला का प्रतीक है.साकेतवासी सिद्ध संत बाबा जगन्नाथदास जी महाराज द्वारा बेतवा घाट पर स्थापित नौलखी आश्रम में रविवार की रात धूमधाम के साथ आयोजित हुए झूलन उत्सव में भक्ति, आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक सनातनी परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला.आश्रम में राधा-कृष्ण की एक झूले में जीवंत झांकी, तो फूलों से सजे दूसरे झूले में विराजमान ठाकुर जी का विग्रह और भजनों की गूंज ने वातावरण को साक्षात् ब्रजधाम में बदल दिया.भक्तों ने प्रेम, भक्ति और आनंद से ओत प्रोत होकर ठाकुर जी को झूला झुलाते हुए आनंद उत्सव मनाया. आश्रम हर वर्ष झूलन उत्सव को बड़े हर्षोल्लास से मनाता है. यहाँ के आयोजनों की विशेषता यह है कि इसमें किसी भी जाति, वर्ग या आयु का भेदभाव नहीं होता. सभी भक्त एक परिवार की तरह मिलकर आयोजन में भाग लेते हैं.

सेना की शौर्य गाथा सुनकर गर्वित हुए युवा

नवभारत न्यूज

विदिशा,एसएसएल जैन पी जी महाविद्यालय में मंगलवार को कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन हुआ.भारतीय सेना की शौर्य गाथा सुनकर विद्यार्थी गर्वित हो उठे.सभी ने कारगिल में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धासुमन अर्पित किए.

शासन के आदेश अनुसार यह आयोजन किया गया.महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस के उपाध्याय, प्रो. डॉ. अर्चना जैन, प्रो. डॉ. अशोक गर्ग, सत्येन्द्र प्रधान, भूतपूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष राजाराम राजपूत, नरेंद्र शर्मा, अजय मालवीय, रिटा. डीएसपी अजीत पाटिल कार्यक्रम में उपस्थित थे. वक्ताओं ने कारगिल युद्ध का वर्णन करते हुए भारतीय सेना के अदम्य साहस की गाथा सुनाई. कारगिल चोटी का भारत के लिए महत्व बताया.विपरीत भौगोलिक और मौसमी परिस्थितियों में भी भारतीय सेना ने पाकिस्तान की सेना को किस तरह हराकर कारगिल पर पुन: आधिपत्य प्राप्त किया था, यह गाथा सुनकर सबके रोंगटे खड़े हो गए.वक्ताओं ने इस युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को भी याद किया. साथ ही युवाओं को राष्ट्ररक्षा के लिए प्रेरित किया.भारतीय सेना में शामिल होकर मातृभूमि की सेवा के साथ भविष्य संवारने का अवसर मिलता है.कार्यक्रम का संचालन नेहा सोनी ने किया एवं दीपशिखा दुबे द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया. इस अवसर पर स्टाफ सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे.